(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार भविष्य में ऐसी कोई योजना बनाने पर विचार करेगी ?

गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार) (क) और (ख) सौर ऊर्जा के माध्यम से गांवों के विद्युतीकरण के लिए बिहार राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए है।

(ग) राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने पर, उन पर नीतियों, तकनीकी संभाव्यता और निधियों की उपलब्धता के अनुसार विचार किया जाएगा।

सोलर कुकर पर राज सहायता

3199. **मौलाना अबदुल्ला खान आजमी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली और विभिन्न अन्य राज्यों में सोलर कुकर पर राज सहायता बन्द कर दी गयी है और इसकी कीमत दुगुनी हो गयी है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण है और ऐसे राज्यों के नाम क्या हैं;

(ग) क्या यह सच है कि राज सहायता के बन्द किये जाने से गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के अभियान को बाधा पहुंची है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा सोलर कुकर और अन्य गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों पर राज सहायता की बहाली करने के लिए क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) दिल्ली में सौर कुकरों पर राज्य आर्थिक सहायता को जनवरी, 1994 से वापस ले लिया गया क्योंकि आर्थिक सहायता के लिए आवंटित समस्त निधियों का उपयोग कर लिया गया था। कई अन्य राज्यों में जहां पर राज्य आर्थिक सहायता मौजूद है, इसे वर्ष 1993-94 में जारी रखा जा रहा है। केन्द्रीय आर्थिक राज सहायता को भी वर्ष 1993-94 के दौरान जारी रखा जा रहा है। दिल्ली में सौर कुकर की कीमत में उतनी ही वृद्धि होने की रिपोर्ट है जितनी मात्रा में आर्थिक सहायता वापस ली गई है।

(ग) दिल्ली में वर्ष 1993-94 के दौरान 4000 सौर कुकरों के लक्ष्य की तुलना में अब तक 3372 सौर कुकर पहले ही बेचे जा चुके हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिए जाने की उम्मीद है। इसे देखते हुए दिल्ली ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा आर्थिक राज सहायता को वापस ले लिए जाने के कारण इस कार्यक्रम में कोई गतिरोध नहीं आया है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Private Enterprises for Wind Power Generation

3200. SHRI VIREN J. SHAH:
SHRI PRAMOD MAHAJAN:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state.

(a) whether there are any projects of the private enterprises under Governments consideration for wind power generation;

(b) if so, what are the details of such projects, State-wise;

(c) what are the details of projects of the private enterprises for wind power generation which have so far been approved by Government, indicating the power proposed to be generated by each concern; and

(d) what are the details of the incentives offered to the private enterprises by the Central Government as well as the State Governments for facilitating and encouraging them for wind power generation in the country in a big way?